जनपद हमीरपुर

दिनांक 02.06.2026

नेशनल हाईवे-34 पर सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत सड़क किनारे अव्यवस्थित खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना मौदहा, थाना सुमेरपुर, थाना कोतवाली नगर एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा नेशनल हाईवे-34 के किनारे, आसपास तथा हाईवे से लगे पेट्रोल पंपों के निकट खड़े ऐसे वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, जिनसे सड़क दुर्घटना होने की संभावना हो।

अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा हाईवे के किनारे अव्यवस्थित एवं असुरक्षित ढंग से खड़े वाहनों को चिन्हित कर लगभग **132 वाहनों को हटवाया गया।** साथ ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा हाईवे पर वाहन खड़ा करते समय निर्धारित स्थानों का ही उपयोग करने के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा वाहन स्वामियों एवं चालकों को बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित अथवा गलत स्थान पर खड़े वाहन दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनते हैं, जिससे आमजन के जीवन एवं संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले **89 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 05 वाहनों के विरुद्ध सीज की कार्यवाही की गई।** पुलिस टीमों ने पेट्रोल पंप संचालकों एवं स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध अथवा यातायात बाधित करने वाले वाहन की सूचना तत्काल पुलिस को दें।
जनपद पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके तथा आमजन को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

ALLINDIA PERMIT
TRAFFIC POL

GOODS
CARRIER
TATA

UP 91 G 0174